DOON UNIVERSITY
NEWSPAPER CLIPPING SERVICES

विश्व में अतुलनीय है भारतीय ज्ञान परंपरा : प्रो. सुरेखा

देहरादून। डीएवी पीजी कॉलेज में भारतीय ज्ञान प्रणाली और भविष्य की संभावनाएं विषय पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का उद्घाटन शुक्रवार को किया गया। पहले दिन दून विवि की कुलपति प्रो. सुरेखा डंगवाल ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। उन्होंने कहा, पूरे विश्व में भारत की ज्ञान परंपरा अतुलनीय है।

उन्होंने कहा कि वर्तमान में भी यह देखा गया है कि वैज्ञानिक आधार पर जो बातें पश्चिमी वैज्ञानिकों ने कही हैं, वह हमारी प्राचीन संस्कृति में भी वर्णित है। प्रदेश में नई शिक्षा नीति को आगे बढ़ाने के लिए यह सम्मेलन एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में देखा जाएगा। इसके लिए पाठ्यक्रम निर्माण में वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता है। सम्मेलन में यूकॉस्ट के महानिदेशक प्रो. दुर्गेश पंत ने कहा, इंडियन नॉलेज सिस्टम के महत्व ने पूरी दुनिया को सजग कर दिया है। सम्मेलन में ओएनजीसी के सचिव डॉ. एसके शर्मा, डॉ. एके नौरियल ने भी विचार रखे। तकनीकी सत्र का संचालन प्रो. वी चौरसिया ने किया। संवाद

News paper – Amar Ujala
Date – 25.05.2024